छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
**(ISO 9001:2015 Certified)**
प्रथम तल उद्योग भवन, रिंग रोड क्र. 1, तेलीबांधा रायपुर 492006 (छत्तीसगढ़)
CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST No. 22AABCM6288N5ZY
दूरभाष : कार्यालय– 0771–6621000, फैक्स: 0771–2583794
Website : www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

# निविदा आमंत्रण सूचना (मैन्यूअल पद्धति)

निविदा क्रमांक 23/सीएसआईडीसी/का.अ./संभाग–3/2025–26 रायपुर, दिनांक 22/09/2025

**राज्योत्सव–2025 के आयोजन हेतु डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर, नवा रायपुर, अटल नगर में दिनांक 01 से 03 नवम्बर 2025** की अवधि में निम्न कार्य हेत इस क्षेत्र/कार्य की संबंधित अनुभवी एजेंसियों से दिनांक 14/10/2025 अपरान्हः 3.00 बजे तक कार्यपालन अभियंता, तकनीकी कक्ष, संभाग–03, सीएसआईडीसी कार्यालय, उद्योग भवन, रिंग रोड क्रमांक–1, तेलीबांधा, रायपुर के अंतर्गत तीन लिफाफा पद्धति (03 Envelope System) में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक 14/10/2025 को उपस्थिति निविदाकारों के समक्ष अपरान्हः 3.30 बजे खोली जायेंगी।

| स. क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि सह निविदा सुरक्षा निधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्योत्सव–2025 के आयोजन के अंतर्गत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर, नवा रायपुर, अटल नगर में फन पार्क (झूले एवं मीनाबाजार) की स्थापना हेतु एजेंसी का चयन। | 2.50 | 50,000/– | 885/– |

शर्ते :–

1. कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की पात्रता केवल उन्हीं एजेंसियों को होगी, जिन्होंने पिछले 03 वर्षो में समान प्रकृति का एक कार्य किसी भी शासकीय विभाग/अर्द्धशासकीय विभाग/सार्वजनिक उपक्रम के अंतर्गत राज्योत्सव, कुम्भमेला एवं अन्य मेलों/प्रदर्शनी या समारोहों के लिये सफलता पूर्वक पूर्ण किया हो। इसके लिए उन्हें सक्षम अधिकारी स्तर से सफलतापूर्वक पूर्ण किये गये कार्य का प्रमाण पत्र एवं कार्यादेश प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ आवेदक को अपनी संस्था/दुकान का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. (GST) हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र तथा PAN CARD की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. अमानत राशि सह निविदा सुरक्षानिधि किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक के डिमाण्ड ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद जो कि प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी, रायपुर के पक्ष में देय हो, निविदा प्रपत्र के साथ अलग से लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. उपरोक्त के अतिरिक्त कार्य के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी सीएसआईडीसी, तकनीकी कक्ष, संभाग–03, कार्यालय उद्योग भवन, रिंग रोड क्र. 1, तेलीबांधा, रायपुर से प्राप्त कर सकते है।
5. तीन लिफाफा पद्धति (03 Envelope System) के अंतर्गत प्रत्येक लिफाफ (A, B, एवं C) पर कार्य का नाम एवं निविदा क्रमांक सहित,
   **लिफाफा क्रमांक (A)** में – संस्था के लेटर हेड पर निविदा विवरण सहित राशि रू. 50,000/– की अमानत राशि सह निविदा सुरक्षानिधि (प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी के पक्ष में जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. के रूप में)।
   **लिफाफा क्रमांक (B)** में – संस्था/दुकान का पंजीयन प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. (GST) हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र, PAN CARD की छायाप्रति एवं पिछले तीन वर्षो में किये गये समान प्रकृति एवं वांछित आकार अथवा राशि के कार्यों के कार्यादेश एवं फोटोग्राफ्स के साथ संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी से जारी एवं सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र तथा एजेंसी के पास उपलब्ध Amusement rides like Rolar Kostar, Ferris Wheel, Scrambler, Meery-Go-Round etc. available with the firm की सूची तथा फोटोग्राफ्स। कार्यादेश एवं अनुभव प्रमाण पत्र (जावक क्रमांक एवं दिनांक सहित) सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदाकार अपात्र माना जायेगा एवं उक्त स्थिति में वित्तीय प्रस्ताव नही खोला जायेगा।
   **लिफाफा क्रमांक (C)** में – निविदा में संलग्न निर्धारित प्रपत्र Annexure-A में एकमुश्त आधार पर वित्तीय प्रस्ताव।
6. कोरे निविदा प्रपत्र सीएसआईडीसी, तकनीकी कक्ष, संभाग–03, कार्यालय उद्योग भवन, रिंग रोड क्रमांक–1, तेलीबांधा, रायपुर से कार्यालयीन दिवस में निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य नकद भुगतान कर दिनांक 13/10/2025 को सांय 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
7. सर्वप्रथम लिफाफा क्रमांक–A खोला जायेगा एवं अमानत राशि की जांच की जायेगी एवं सही पाये जाने की स्थिति में लिफाफा क्रमांक–B खोला जायेगा तथा अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक पत्रों की जांच की जायेगी। लिफाफा क्रमांक (A) एवं (B) में वांछित प्रपत्र एवं अर्हता उचित पाये जाने की स्थिति में ही संबंधित आवेदकों का लिफाफा क्रमांक–C खोला जायेगा।
8. निविदाएं सीएसआईडीसी, तकनीकी कक्ष, संभाग–03, कार्यालय उद्योग भवन, रिंग रोड क्र. 1, तेलीबांधा, रायपुर की निविदा पेटी में ही डालनी होगी। डाक अथवा कोरियर द्वारा प्राप्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी।
9. निगम द्वारा निर्धारित शर्तो एवं मापदण्डों के अनुसार ही निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की पात्रता होगी।
10. निविदा प्रकाशन में टंकण आदि की त्रुटि होने पर मूल अभिलेख ही मान्य होंगे।
11. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु सूचना का प्रकाशन सीएसआईडीसी की वेबसाइट **www.csidc.in** पर ही किया जायेगा एवं किसी भी अखबार में सूचना का प्रकाशन नही किया जायेगा।
12. कोई भी या सभी निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित होगा।

22/09/2025
कार्यपालन अभियंता, संभाग–03